5th class Hindi Bodh Ch.6 Ques.Ans

मौखिक

1) प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क) नेहरू जी ने यह पत्र किसे और कब लिखा ?

उत्तर- नेहरू जी ने यह पत्र अपनी पुत्री इंदिरा गाँधी को 26 अक्टूबर 1930 को लिखा ।

ख) पत्र में बापूजी किसे कहा गया है?

उत्तर-पत्र में बापूजी महात्मा गाँधी जी को कहा गया है।

ग) नेहरु की पुत्री इंदिरा गाँधी को जन्मदिन का उपहार दे पाने में असमर्थ क्यों थे ?

उत्तर- नेहरु जी जेल में बन्द थे, इसलिए वे अपनी पुत्री इंदिरा गाँधी को जन्मदिन का उपहार दे पाने में असमर्थ थे ।

लिखित

2)प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क) पत्र में किस अवसर की शुभकामनाएँ दी गई हैं ?

उत्तर- पत्र में इंदिरा को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दी गई हैं ।

ख) साधारण स्त्री- पुरुष साहसी क्यों नहीं होते?

उत्तर- साधारण स्त्री पुरुष साहसी इसलिए नहीं होते क्योंकि वे अपने प्रतिदिन के कामों , बाल-बच्चों तथा घर की चिंताओं में ही फँसे रहते हैं ।

घ) बाबूजी ने आंदोलन क्यों छेड़ा था ?

उत्तर- बापूजी ने देशवासियों के दुखों को दूर करने के लिए आंदोलन छेड़ा था ।

ङ) साधारण स्त्री- पुरुष किन परिस्थितियों में वीर- वीरांगनाएँ बन जाते हैं ?

उत्तर- किसी महान उद्‌देश्य की पूर्ति के लिए जब सभी लोगों में असली उत्साह पर जाता है तो साधारण पुरुष वीर बन जाते हैं तथा स्त्रियाँ वीरांगनाएँ बन जाती हैं ।

ड़) हम संदेह में कब पड़ जाते हैं ? सही बात का निश्चय कैसे करना चाहिए ?

उत्तर- जब हम किसी बात का निश्चय नहीं कर पाते , तो हम संदेह में पड़ जाते हैं।हमें कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिसे दूसरों से छिपाने की इच्छा मन में उठे । किसी बात को छिपाने की इच्छा तभी होती है , जब हम कोई गलत कार्य करते हैं ।

च) नेहरू जी ने अपनी पुत्री इंदिरा को क्या आशीर्वाद दिया ?

उत्तर- नेहरू जी ने अपनी पुत्री इंदिरा को आशीर्वाद दिया कि वह भारत की सेवा के लिए बहादुर सिपाही बने।